C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:18 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:02 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 163 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

सिनेमा में कई युवा कलाकारों ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दिन में धूप खिलने से ठंड से काफी हद तक राहत

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में गुरुवार को मौसम सुहावना रहा। दिन भर चटक धूप खिलने से ठंड से काफी हद तक राहत मिली। अलबत्ता सुबह व शाम की ठंड बरकरार रही। दिन में चटक धूप खिलने से स्थानीय लोगों के साथ ही नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे सैलानियों ने काफी राहत महसूस की। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मौसम का यह मिजाज सैलानियों समेत स्थानीय नागरिकों को खूब भाया। नगर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात में रात के तापमान में भारी गिरावट आ रही है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।

### कलेक्शन कर घर जा रहा युवक ईंट पत्थर से हमला, चोटिल

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कलेक्शन कर घर लौट रहा युवक को रोक कर उससे गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर से हमला कर दिया। हमलें में युवक घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र वार्ड 1, शिमला बहादुर रुद्रपुर निवासी गौरव सिंह पुत्र संजय सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सल्यूशन में कलेक्शन का कार्य करता है और 18 दिसंबर 24 को आवास विकास क्षेत्र से किस्त ले कर घर जा रहा था। एजेंसी कल्याणी व्यू रुद्रपुर के पास लक्की खान ने उसे रोक लिया। आरोप लगाया कि उस व्यक्ति ने उससे गन्दी गन्दी गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर उस पर ईट-पत्थर से हमला कर दिया। हमलें में उसके सिर पर काफी खुली व गुम चोटे आई है। उक्त व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित का आरोप है कि व्यक्ति अपराधिक किस्म का है। उसने घटना की सूचना डायल 112 पर दी थी। उक्त व्यक्ति से जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है।

## भाजपा पर्यवेक्षक पहुंचे पार्टी कार्यालय, मेयर प्रत्याशी चयन को रायशुमारी शुरू की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

निकाय चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज होने के साथ ही भाजपा के पर्यवेक्षकों ने प्रत्याशी चयन के लिए रायशुमारी भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को भाजपा के चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह,नैनीताल की विधायक सरिता आर्या और सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशियों के चयन को लेकर रायशुमारी की और चुनाव में जुटने का आहवान किया। इस दौरान मेयर के दावेदारों ने आवेदन भी किये। जिला कार्यालय पहुंचने पर पर्यवेक्षकों का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।





बैठक में पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलते हुए चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और इसमें सभी काम निर्धारित प्रक्रिया के तहत संपन्न कराये जाते हैं। प्रत्याशी चयन के लिए भी प्रक्रिया अपनायी जाती है, इसमें हर कार्यकर्ता को दावेदारी का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी के चयन पर अंतिम निर्णय हाईकमान को लेना है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी जो भी घोषित हो उसे भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सभी को जुटना है। इस दौरान मेयर के टिकट के लिए मानस जायसवाल,विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, दिवाकर पाण्डे,अनिल चौहान, धीरेन्द्र मिश्रा,केके दास,तरूण दत्ता,वेद ठुकराल समेत कई अन्य दावेदारों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पार्टी का जो निर्णय होगा,कार्यकर्ता उसी को चुनाव लड़ायेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मानस जायसवाल,राम प्रकाश गुप्ता,मधु राय,रश्मि रस्तोगी,फरजाना बेगम,केके दास,नेत्रपाल मौर्य, कल्याण सिंह, सुशील गाबा,धीरेश गुप्ता, विट्ठू शर्मा, प्रेमलता,नत्थू लाल गुप्ता,मनोज मदान, मुकेश पाल, पिंटू पाल,राजेश जग्गा आदि मौजूद रहे।

### जयपुर के भयानक घटना पर पीएम मोदी ने जताया दुख

## हाइवे पर अग्निकांड में 8 की मौत, 42 से ज्यादा हुए घायल

जयपुर

एजेंसी

जयपुर के अग्निकांड में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 42 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। हादसे में मरने वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

जयपुर अग्निकांड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। इस हादसे में मरने वालों के परिवार वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद करने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के परिवार वालों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। हादसे के चश्मदीद ने बताया कि जहां हादसा हुआ है, वहां सड़क पर गलत कट दिया गया है। इसी कट की वजह से हादसा हुआ है। यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। कुछ दिन पहले भी एक दुर्घटना इसी जगह पर हुई थी। उसमें भी गैस टैंकर था। अगर उस घटना से सीख ले ली गई होती तो फिर आज का हादसा ना होता। अग्निकांड में एक बस पूरी तरह से जल गई है। इसकी तस्वीर यहां दी जा रही है।





## गजराज की दावेदारी से राजनीतिक हलचल बड़ी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी नगर निगम की सीट ओबीसी क्या हुई हल्द्वानी के लोगों को पता चला कि आखिर कौन कौन दिग्गज ओबीसी वर्ग से आते हैं।

हल्द्वानी का मेयर बनने को आतुर राजनीति के दिग्गज इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी में खूब उथलपुथल मची हुई है। बुधवार को कांग्रेस पृष्ठभूमि से आए व्यापारी नेता नवीन वर्मा और मोहन गिरि गोस्वामी के भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को भाजपा के दिग्गज गजराज बिष्ट ने भी मेयर पद के लिए दावेदारी कर दी। पर्यवेक्षक केदार जोशी से मुलाकात कर गजराज बिष्ट ने अपनी दावेदारी पेश कर अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराया। इस दौरान गजराज सिंह बिष्ट के साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी थे।

उत्तर प्रदेश के दौर में गजराज सिंह बिष्ट भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री, उत्तराखंड भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, उत्तराखण्ड बीजेपी के पूर्व प्रदेश महामंत्री और उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष जैसी जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। गजराज की दावेदारी को व्यापारी नेता नवीन वर्मा की इंट्री से जोड़ा जा रहा है। कांग्रेस पृष्ठभूमि से जुड़े नवीन वर्मा के भाजपा में आने और मेयर का टिकट लपकने की आहट के तुरंत बाद गजराज की दावेदारी करना बताता है कि भाजपा में कैसा घमासान मचा है।

कहा तो ये भी जा रहा है कि गजराज को अपने पाले में करने के लिए कांग्रेस भी आतुर है। अगर भाजपा से गजराज को टिकट नहीं मिला तो वो कांग्रेस में भी शामिल हो सकते हैं, ऐसी चर्चाएं भी शहर में खूब हो रही हैं। कहा तो ये भी जा रहा है कि अगर गजराज को साधने में भाजपा सफल नहीं हुई तो गजराज सिंह बिष्ट कांग्रेस में चले जाएंगे। और फिर उनकी मेयर बनने राह आसान हो जाएगी। क्योंकि हल्द्वानी नगर निगम के नए वार्डों में शामिल ग्रामीण इलाकों में गजराज सिंह बिष्ट की अच्छी पकड़ है। और शहरी क्षेत्र के अलावा बनभूलपुरा के वोट भी पाने में गजराज सफल हो जाएंगे। फिलहाल जैसे जैसे दिन बीत रहे हैं वैसे वैसे भाजपा में घमासान मचना तय है।

## मदरसों का होगा वेरिफिकेशन अवैध फंडिंग की भी होगी जांच

देहरादून

हमारे संवाददाता



मदरसों के वेरिफिकेशन किए जाने के मुख्यमंत्री धामी के निर्देश के बाद पुलिस ने अपनी तैयारी कर ली है। जिला स्तर पर समिति बनाई गई है।

प्रदेश में अवैध रूप से चल रहे मदरसों की जांच के लिए पुलिस ने भी तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब पुलिस प्रदेश में मदरसों का वेरिफिकेशन करेगी। साथ ही मदरसों में अवैध फंडिंग को लेकर भी जांच की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में समिति भी बनाई गई है। आईजी व पुलिस प्रवक्ता उत्तराखंड डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि प्रदेशभर में मदरसों का वेरिफिकेशन कराया जाएगा। इसके साथ ही मदरसों में अवैध फंडिंग की भी जांच कराई जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि मदरसों में बाहरी राज्यों के बच्चे तो नहीं पढ़ रहे हैं। इसके लिए जिले में डीएम की अध्यक्षता में समिति भी बनाई गई है। इसमें सभी विभाग मिलकर मदरसों की जांच करेंगे। समिति में पुलिस से लेकर सभी विभागों को शामिल किया गया है। समिति सभी मदरसों की जांच कर एक महीने में इसकी रिपोर्ट सौंपेगी।

### 64 वर्ष की उम्र में 161 किमी दौड़ पूरी की

**हल्द्वानी।** देव विहार ऊंचापुल निवासी अल्ट्रा धावक शिवेंद्र सिंह बिष्ट ने 64 वर्ष की उम्र में राजस्थान के जैसलमेर से लोंगेवाला पाकिस्तान बॉर्डर तक की 161 किमी लंबी दौड़ को 26 घंटे में पूरा कर एक उपलब्धि हासिल की। थार डेजर्ट की विषम परिस्थितियों में आयोजित इस दौड़ में धावकों को दिन में 30 से 35 डिग्री सेल्सियस और रात में माइनस तापमान का सामना करते हुए लगातार दौड़ना होता है। यह दौड़ विजय दिवस के अवसर पर 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शुरू हुई। इस दौड़ का आयोजन 1971 में लोंगेवाला, राजस्थान की लड़ाई में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद करने और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन

गुरुग्राम

एजेंसी



ओम प्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 को सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था। चौटाला पांच बार हरियाणा के सीएम रहे। दो दिसंबर 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया। गुरुग्राम मेदांता में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, 3-4 साल से मेदांता में ही इलाज चल रहा था। शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 11ः35 पर मेदांता की इमरजेंसी में लाया गया था। मेदांता प्रशासन ने उनके निधन की पुष्टि की है। ओम प्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 को सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था। चौटाला पांच बार हरियाणा के सीएम रहे। दो दिसंबर 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। वे 22 मई 1990 तक इस पद पर रहे। 12 जुलाई 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद को शपथ ली थी, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता को दो माह में ही पद से हटा दिया गया था। हालांकि चौटाला को भी पांच दिन बाद ही पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। 22 अप्रैल 1991 को तीसरी बार चौटाला ने सीएम पद संभाला। लेकिन दो हफ्ते बाद ही केंद्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।

# अंबेडकर मामले को लेकर आक्रोश, पुतला फूंका



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नगर सचिव (संगठन) बंटू आर्या के नेतृत्व में गुरुवार को देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई अभ्रद टिप्पणी और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी के खिलाफ पंत पार्क मल्लीताल में अमित शाह का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह से देश से इस टिप्पणी पर माफ ी मांगने व अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की। इस दौरान पूर्व दर्जा मंत्री डॉ. रमेश चंद्र पांडे, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष (एससी प्रकोष्ठ) नवीन आर्य समेत युवा कांग्रेसी नेता त्रिभुवन सिंह फर्त्याल व धीरज सिंह बिष्ट, पूर्व छात्रसंघ उप सचिव गौरव कुमार,जिलाध्यक्ष (यूथ सेवादल) कमल जोशी,प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस संजय कुमार,जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दुल नेगी, विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कुमार, नगर अध्यक्ष आयुष कुमार, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमन महिंद्रा, राजेंद्र व्यास, राजू लाल, प्रदीप सहदेव, राहुल पुजारी, दीपक कुमार,करन कुमार,विमल बृजवासी तथा संदीप जलाल आदि उपस्थित रहे।

उधर आम आदमी पार्टी उत्तराखण्ड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एस. एस. कलेर ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार के अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए कहा यह गृह मंत्री की तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। कहा जहां एक तरफ भाजपा चुनावों में वोट हासिल करने के लिए अंबेडकर के अनुयायियों के घरों में जाकर रात्रि प्रवास का दिखावा करती हैं वही दूसरी तरफ भाजपा के तथाकथित चाणक्य ने देश के सबसे बड़े सदन लोकतंत्र के मंदिर में वद रिकार्ड यह बात बोलकर देश की जनता को शर्मसार किया है,कहा कि जिस संसद में अमित शाह गृह मंत्री के रूप के ठसक के साथ बोल रहे हैं उन्हें देश के उच्च सदन तक पहुँचाने का मार्ग संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल है। कहा कि इसके लिए गृह मंत्री को मॉफी मांगनी चाहिए।

## NEWS / फटाफट

### वार्डो के आरक्षण पर प्राप्त शिकायतों की सुनवाई 22 को

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देश दिये हैं कि वार्डों के आरक्षण पर प्राप्त शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी द्वारा 22 दिसम्बर को की जायेगी। उन्होंने सम्बन्धित निकायवार जनता से प्राप्त आपत्तियों की सूचना नियत तिथि से पूर्व कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है।

### वार्ड 60 का निर्वाचन अधिकारी सभासद नियुक्त

**नैनीताल।** जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने मुख्य उद्यान अधिकारी को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम के वार्ड संख्या 60 का निर्वाचन अधिकारी सभासद नियुक्त किया है। उन्होंने तारा सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम के वार्ड संख्या 19 से 24 के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। राजेश कुमार सहायक अभियंता सिचाई खण्ड नैनीताल को वार्ड संख्या 11 से 15 तक का सहायक निर्वाचन अधिकारी, भरत सिंह सहायक अभियंता लघु सिचाई को वार्ड संख्या 1 से 4 तक, नवीन चन्द्र पाण्डे सहा.अभियंता पीएमजीएसवाई सिंचाई खण्ड हल्द्वानी को वार्ड संख्या 5 से 7, नवीन चन्द्र त्रिपाठी सहा.अभि.ग्रा.नि.वि परिमण्डल नैनीताल को वार्ड संख्या 05 से 07, खण्ड शिक्षा अधिकारी भीमताल को वार्ड संख्या 1 से 5 तक सहायक निर्वाचन अधिकारी की तैनाती की है। मो. इमरान सहायक अभियंता जमरानी बॉंध को सहायक निर्वाचन अधिकारी के लिए आरक्षित किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सामान्य निर्वाचन 2024 में तैनात सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियुक्त सभी अधिकारी सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

### कुसुमखेड़ा बाजार में युवक का मोबाइल चुराया

**हल्द्वानी।** कुसुमखेड़ा स्थित साप्ताहिक बाजार में 18 दिसंबर 2024 को मोबाइल चोरी की एक वारदात सामने आई है। पीड़ित की ओर से मामले की तहरीर पुलिस में दी गई है। रहमत का बगीचा, वार्ड नं. 14 निवासी मोहम्मद असलम ने मुखानी थाना पुलिस को तहरीर दी है कि वह 18 दिसंबर को कुसुमखेड़ा बाजार में सामान खरीदने के लिए गए थे, इस दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया। उसी बाजार में अन्य व्यक्तियों के मोबाइल भी चोरी हुए हैं। वहीं, राजेन्द्र प्रसाद नामक व्यक्ति ने भी अपना मोबाइल चोरी होने की शिकायत की है। थाना मुखानी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### वाह्न चालक के खिलाफ तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे के आरोपी चाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू करदी है। हाथीखाल स्थित जगदीशपुरम कॉलोनी निवासी राधेश्यम न पुलिसको दी तहीर में कहा हैकि 16 दिसंबर की सुबह लगभग 7:45 बजे वह अपनी पत्नी सीता और दो बच्चों अरविंद और दक्ष को स्कूटी पर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान, जब वे लालकुआ स्टोन क्रेशर चेकपोस्ट के पास पहुंचे, तो रोड में गड्ढे और बजरी होने के कारण स्कूटी अनियंत्रित हो गई, और प्रार्थी, उनकी पत्नी और पुत्र दक्ष रोड किनारे गिर गए। इसी बीच, प्रार्थी का पुत्र अरविंद सड़क पर आ गिरा। जब तक प्रार्थी अपने पुत्र अरविंद को सड़क से उठाने के लिए पहुंचते, तभी तेज़ रफ्तार से आ रहा एक ट्रक ने अरविंद को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उन्होंने अपने पुत्र अरविंद को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### नशे के इंजेक्शन समेत 4 गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीएस एक्ट के तहत मुकदम दर्ज किया गया है। पुलिस टीम तीनपानी बाईपास पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को संदिग्ध वाहन ऑल्टो आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर जंगल की ओर मुड़ने की कोशिश कर रहा था। पुलिस टीम ने शक होने पर वाहन का पीछा किया और उसे रोककर चेकिंग की। तो टैंपो में एक थैला रामद हुआ जिसमें भारी मात्रा में नश के इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अशफाक अली निवासी नई बस्ती, गोपाल मंदिर, थाना बनभूलपुरा, रिजवान मियां निवासी इंदिरा नगर काबुल का बगीचा वार्ड नंबर 31, थाना बनभूलपुरा, राशिद अली निवासी वार्ड नंबर 28, बिलाल मुस्तफा मस्जिद, उत्तर उजाला, थाना बनभूलपुरा और फिरोज अली निवासी वार्ड नंबर 31, नूरी मस्जिद, इंदिरा नगर, थाना बनभूलपुरा बताया।



# नई कार्यकारिणी में प्रांतीय कोषाध्यक्ष गौरव जोशी के चयन पर स्वागत किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी में जनपद नैनीताल से प्रांतीय कोषाध्यक्ष गौरव जोशी का चयन होने के पश्चात जनपद आगमन पर उनका जिला पूर्ति कार्यालय और उपायुक्त खाद्य कार्यालय में स्वागत किया गया। बता दें कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पद पर देहरादून से सुनील देवली जबकि महामंत्री विजय प्रकाश बहुगुणा और उपाध्यक्ष मुकुल गरजोला को बनाया गया है । इस मौके पर खाद्य आयुक्त हरि चंद्र सेमवाल, अपर आयुक्त खाद्य पी एस पांगती, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह समेत के. के. अग्रवाल, मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक चौधरी ओमवीर सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट सहित सभी जनपदों के कर्मचारी अधिकारी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। दूसरी ओर नैनीताल में स्वागत करने वालों में सुरेंद्र सिंह बिष्ट,विजय जोशी, अरुण खुल्वे, राहुल डांगी, सरिता आर्य, दीप चंद्र बेलवाल, राजेंद्र कुमार, राजेंद्र भट्ट आदि मौजूद थे।

# कंपनी मालिक और क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कंपनी में कार्य के दौरान श्रमिक के हाथ की अंगुलियां कट जाने के बाद उसका गलत इलाज करवाने पर श्रमिक ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी मालिक व क्लीनिक संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गभिया सराय महाराजपुर तहसील पूरनपुर पीलीभीत यूपी हाल निवासी संजयनगर संजीत मंडल पुत्र सुभाष मंडल ने असगर अली उर्फ नेताजी पुत्र अज्ञात प्रो- एस.इण्टरप्राईजेज, निकट मेडिसिटी हास्पिटल शुक्ला फार्म कम्पाउण्ड, करतारपुर रोड, रूद्रपुर निवासी पहाड़गंज, व मोहम्मद आसिफ पुत्र अज्ञात पता एसआई हेल्थ केयर क्लीनिक पहाड़गंज के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह विगत 7-8 माह से उक्त कंपनी में जो कि प्लास्टिक स्क्रैप से प्लास्टिक दाना बनाने का कारखाना है पर बतौर श्रमिक के रूप में कार्य करता आ रहा था। आरोप है कि 21 अगस्त 2024 को मशीन का श्रमिक ना होने के कारण असगर अली ने कंपनी की पुरानी एवं खराब मशीन पर उसको जबरन कार्य पर लगा दिया। जिससे उसका बायां हाथ मशीन में आने से हाथ की हथेली मशीन में दबकर कट गयी। कंपनी मालिक असगर सरकारी हास्पिटल ना ले जाकर अपने जान पहचान वाले एसआई हेल्थ केयर क्लीनिक में डॉ मोहम्मद आसिफ के पास ले गया। उसे कोई खाना खर्चा, पोषण खर्चा नही दिया गया और धमकाया गया कि इस बारे में कोई कानूनी कार्रवाई मत करना, यदि करेगा तो तेरा यह इलाज कराना भी बन्द करा दूँगा। कंपनी का मालिक उंगलियां कट जाने के कारण न तो कोई मुआवजा दे रहा है और न ही अपनी कंपनी में नौकरी पर रख रहा है। सही ईलाज न होने के कारण उसका बायाँ हाथ बिल्कुल बेकार हो गया और वह किसी काम लायक नही रहा है। पीड़ित के मुताबिक उसने पुलिस, प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। उसे मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कंपनी मालिक और क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आईएएस बृजेश कुमार को कई विभागों का कार्यभार मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा आईएएस बृजेश कुमार संत को कई विभागों का कार्यभार दिए जाने के मामले में दायर उत्तराखंड टैक्सी मैक्सी महासंघ की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने आईएएस बृजेश कुमार संत को नोटिस जारी कर राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।



मामले के अनुसार टैक्सी मैक्सी महासंघ की तरफ से कहा है कि एक आईएएस को राज्य सरकार ने 6 विभागों का कार्यभार दिया गया है जिसकी वजह से उनके कार्य समय पर नही हो पा रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार ने उन्हें दो विभाग खनन के और तीन विभाग ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के जिनमें उन्हें ट्रांसपोर्ट सेकेट्री तथा ट्रांसपोर्ट कमिश्नर और चैयरमेन एसटीए तथा रोवेज डिपार्टमेंट का वित्तीय सलाहकार की निम्मेदारी दी गयी है जबकि नियमावली यह कहती है कि एसटीए का चैयरमैन वह व्यक्ति होगा जिसका उसमें उसका कोई हित न हो, इसलिए उनकी जगह किसी अन्य अधिकारी को इस विभाग की जिमेदारी दी जाए ताकि उनके कार्य समय पर हो सके।

# नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन ने महिला को एम्स में उसके इलाज चेक सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपने सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वह्न करते हुए नैनीताल में जीवन ज्ञापन करने वाली एक महिला को एम्स में उसके इलाज करने के लिए चैक भेंट किया।



एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मुताबिक महिला इलाज करने को लेकर असमर्थ थी। महिला के इलाज में करीब दो से ढाई लाख रुपए खर्चा आ रहा था इसके लिए महिला को इलाज करने को लेकर नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी आगे आए। मामले में होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के महासचिव वेद शाह ने बताया कि एक महिला जो काफ ी निर्धन वर्ग की है और स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) से जुड़ी समस्या से ग्रसित है। डॉक्टर के मुताबिक उनकी जल्द से जल्द सर्जरी करवाना जरूरी है जिसके लिए करीबन 2 लाख से ऊपर का खर्चा आ रहा था लेकिन महिला आर्थिक रूप से कमजोर होने के चलते इलाज नहीं कर पा रही है, जिसको देखते हुए होटल संगठन पदाधिकरियों द्वारा महिला की अपनी तरफ से आर्थिक मदद की गई है जिससे महिला को कुछ मदद कर सके और वह दिल्ली में अपना इलाज करा सके। इस मौके पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह समेत चंद्र प्रकाश भट्ट कोषाध्यक्ष, सिन्हे छाबड़ा उप सचिव, रमन जीत सिंह, हारून खान, नगर के वरिष्ठ नागरिक भानु प्रकाश शाह तथा समाज सेविका डा. सरस्वती खेतवाल आदि लोग मौजूद थे।

# अभिमत

## कौन करा रहा है हिंसा?

***सर्वे टीम के पहुंचते ही भारी भीड़ धर्मस्थल पर पहुंच गई और हथियारबंद लोगों ने फायरिंग की तथा अन्य लोगों ने पथराव किया। पुलिस ने सर्वे टीम की सुरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की। हिंसा की आग पर रोटियां सेकने वाले संभल जाकर लोगों को भड़काना चाह रहे हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन दंगाइयों के पास पाकिस्तान का कारतूस मिलने पर चुप्पी साधे हुए हैं।***

भाजपा शासित राज्यों में साम्प्रदायिक दंगे नहीं होते थे। केन्द्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने के बाद हिंसा की घटनाओं पर नियंत्रण किया गया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता कहते थे कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा दंगे कराते हैं, जब भाजपा सत्ता में होती है तो दंगे नहीं होते हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और संभल में हिंसा भड़की है। समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया तथा हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया, लेकिन दंगाइयों द्वारा की गई फायरिंग में पाकिस्तान के कारतूस इस्तेमाल होने से सच सामने आ गया है। समुदाय विशेष को विदेश से फंडिंग तथा हथियार उपलब्ध कराने के सबूत अनेक बार मिले हैं। संभल में मस्जिद के सर्वे को पहुंची टीम पर हमला किया गया। प्रशासन ने हमलावरों को नियंत्रित किया। सर्वे टीम की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। प्रशासन पर आरोप सरासर गलत है। संभल में हिंसा के लिए समुदाय विशेष के लोगों ने पहले से तैयारी कर रखी थी। सर्वे टीम के पहुंचते ही भारी भीड़ धर्मस्थल पर पहुंच गई और हथियारबंद लोगों ने फायरिंग की तथा अन्य लोगों ने पथराव किया। पुलिस ने सर्वे टीम की सुरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की। हिंसा की आग पर रोटियां सेकने वाले संभल जाकर लोगों को भड़काना चाह रहे हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन दंगाइयों के पास पाकिस्तान का कारतूस मिलने पर चुप्पी साधे हुए हैं। संभल के मामले को संसद में उठाया गया। सदन में हंगामा करने से रोका तो विपक्ष ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क और रेलवे लाइन के किनारे बने धर्मस्थलों को हटाना शुरू किया तो विरोध किया गया। सनातनियों के धर्मस्थल यातायात में बाधक होने पर सहमति के आधार पर हटाये जा रहे हैं। समुदाय विशेष सहमति को तैयार नहीं है। संभल में मंदिर तोड़कर समुदाय विशेष ने धर्मस्थल बनाया है, इसकी जांच की जा रही है। संभल से पहले बहराइच में सनातन धर्मावलंबी शोभायात्रा निकाल रहे थे। मस्जिद के सामने शोभायात्रा पहुंची तो मस्जिद से हमलावर निकले और शोभायात्रा में शामिल लोगों को पकड़कर मस्जिद में ले गये तथा मार डाला। पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में हिंसा भड़की हुई है और सरकार कानून व्यवस्था कायम करने में नाकाम है। भारत में अल्पसंख्यक सबसे अधिक सुरक्षित हैं, उन्हें पाकिस्तान के हाथों की कठपुतली नहीं बनाना चाहिए।

# एसएसपी ने अधीनस्थों को दिए कड़े निर्देश

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस लाईन में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साइबर अपराधों के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाए जाने तथा साइबर पीड़ितों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धी समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के लिए संवेदनशील स्थानों पर लगातार चैकिंग करने को कहा। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात गश्त को ठीक से ब्रीफ कर रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। पुलिस ड्यूटियों को सीसीटीवी से चेक कर मॉनिटर किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि पुलिस थानों में सीज वाहनों का निस्तारण समय से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में बढ़ते वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये।

एसएसपी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए उच्च न्यायालय के आदेशों तथा निर्देशों का पालन किया जाए। एसएसपी ने अपराध समीक्षा बैठक से पहले सम्मेलन मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों की निजी व पारिवारिक समस्याओं को सुना। एसएसपी ने साईबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाये जाने को निर्देशित किया। एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसपी काशीपुर अभय सिंह, एएसपी बीएस चौहान,सीओ संचार आरडी मठपाल,सीओ लाईन अन्न राम आर्या,आरआई निरीक्षक मनीष शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों को स्कूल बैग व पेंसिल भेंट किए गए

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित आर्शीवाद क्लब की ओर से गुरुवार को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए राजकीय प्राथमिक उच्च विद्यालय सिगड़ी घुग्घू में बच्चों को स्कूल बैग तथा पेंसिल भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या थी,इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विनोद आर्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की ओर से प्रदर्शित की गयी विज्ञान प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू आगरी ने विधायक समेत सभी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा आमंत्रित जनों का स्कूल परिवार की ओर से स्वागत किया जबकि विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, अंताक्षरी तथा कुमाऊंनी नृत्य पेश कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया। विधायक सरिता आर्या ने स्कूली बच्चों को क्लब की ओर से भेंट की गयी सामग्री वितरित की। उन्होंने क्लब की ओर से समय-समय पर आयोजित किए जा रहे सामाजिक व अन्य कार्यक्रमों की भूरि-भूरि सराहना की। क्लब के पदाधिकारियों के मुताबिक इस दौरान विधायक सरिता आर्या ने विद्यालय परिवार की मांग के अनुरुप विधायक निधि से तीन लाख रुपए देने की घोषणा की,साथ ही हरियाल प्राइमरी स्कूल को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की।

# बैठक: अपर मुख्य सचिव पहुंचे पंतनगर, एयरपोर्ट विस्तारीकरण एवं टीडीसी कार्यों की जानकारियां ली

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, आवास/जलागम एवं वित्त विभाग उत्तराखंड शासन आनंद वर्द्धन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंतनगर पहुंचे। पंतनगर पहुंचने पर उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण एवं टीडीसी कार्यों की जानकारियां ली।

इस दौरान जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु पंतनगर एयरपोर्ट को 524 एकड़ भूमि व राष्ट्रीय राजमार्ग को 103 एकड़ भूमि हस्तगत कर दी गयी है। भौतिक कब्जा भी दे दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग ने सर्वे कर 9 एकड़ भूमि की और मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद मे आ रहे सभी विभागीय भवनों का मूल्यांकन कर ध्वस्तीकरण करने के निर्देश दे दिये गये हैं, टीडीसी ने भवन ध्वस्तीकरण का टेंडर भी निकाल दिया गया है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण में टीडीसी का कार्यालय सहित 299 आवास व पंतनगर वि.वि. का 385 आवास एवं कार्यालय भवन व स्कूल एवं पुलिस थाना आ रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने भूमि की पिलरबंदी कर रही है।सॉइल टेस्टिंग व अन्य डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

डीएम ने बताया कि टीडीसी 1969 में स्थापित हुआ था, जिसकी शुक्रवार की 52, 53 व 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक प्रस्तावित है। टीडीसी गत वर्षों से घाटे में चल रही है, उन्होंने टीडीसी अंशधारिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। पीपीटी के माध्यम से मुख्य कृषि अधिकारी व महाप्रबंधक टीडीसी डॉ. अभय सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में टीडीसी में 257 पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष 144 कार्मिक नियमित व 21 कार्मिक उपनल से तैनात हैं। उन्होंने बताया कि टीडीसी के कार्मिकों के पुनर्गठन हेतु बोर्ड बैठक में स्वीकृति ले ली गयी है, जिसमें पुनर्गठन कर नए ढांचे में 71 कार्मिक स्वीकृत किये गये है। उन्होंने टीडीसी की वित्तीय स्थिति की भी जानकारियां दी, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने एजीएम में विस्तार से जानकारी रखने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने जिला योजना, राज्य सैक्टर व केन्द्र पोषित योजनाओं की भी जानकारियां ली।इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्र, वीसी प्राधिकरण जय किशन, प्रबंध निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण पंतनगर वि.वि. बीएस चलाल,परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी,ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, एसडीएम मनीष बिष्ट, निदेशक टीडीसी डॉ. दीपक पांडे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## सिनेमा में कई युवा कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया



*इस साल हिंदी सिनेमा में कई युवा कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपने किरदार और अभिनय के दम पर उन्होंने गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं वह कौन-कौन से कलाकार हैं, जिन्होंने दर्शकों और समीक्षकों की सराहनाएं प्राप्त की।*

*साल 2024 खत्म होने को है। हिंदी सिनेमा के लिए यह साल काफी रोचक रहा। कई फिल्मों ने इस साल ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। कई फ्लॉप हो गईं। वहीं, बॉलीवुड की बात की जाए तो इस साल शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान और रणबीर कपूर की कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। हालांकि, बड़े पर्दे पर फिर भी काफी हलचल रही। इस साल कई युवा प्रतिभाओं को अवसर मिला और उन्होंने सराहनीय कार्य किया। इन अभिनेताओं ने शानदार काम किया और सराहनाएं प्राप्त की। आइए जानते हैं किन युवा प्रतिभाओं ने इस साल सराहनीय कार्य किया। वरुण ग्रोवर निर्देशित ऑल इंडिया रैंक छात्रों के जीवन की चुनौतियों से परिचित कराती है। यह फिल्म कोचिंग क्लास के दबाव को दिखाती है। मुख्य भूमिका में बोधिसत्व शर्मा दोस्ती की चुनौतियों और माता-पिता की अपेक्षाओं के बोझ को पार करते हुए एक भरोसेमंद नायक के रूप में चमकते हैं। उनका अभिनय एक ऐसी कहानी में प्रामाणिकता और गहराई लाता है जो व्यक्तिगत और सार्वभौमिक दोनों लगती है।*

### प्रतिभा रांटा- लापता लेडीज

*किरण राव की 'लापता लेडीज' भारत की ओर से ऑस्कर नामांकन तक पहुंची। यह फिल्म एक मनोरंजक ड्रामा है। फिल्म के युवा कलाकारों प्रतिभा रांटा, नितांशी गोयल और स्पर्श श्रीवास्तव के अभिनय ने चार चांद लगा दिए। यह फिल्म महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उजागर करती है।*

### जानकी बोदीवाला - शैतान

*अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका जैसे दमदार कलाकारों से सजी फिल्म 'शैतान' में अलग दिखना कोई साधारण बात नहीं है। जानकी बोदीवाला अपने बॉलीवुड डेब्यू में ही शानदार प्रदर्शन किया और सराहनाएं प्राप्त की।*

# पूर्व विधायक ठुकराल की माता की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की माता दर्शना ठुकराल की शुक्रवार को अचानक तबियत बिगड़ गयी। उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनकी कुशल क्षेम पूछने वालों का तांता लगा गया।

जानकारी के अनुसार शक्रवार सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर दर्शना ठुकराल को नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के मुताबिक उनका रक्तचाप और धड़कन काफी बढ़ गयी थी। फिल्हाल उनका उपचार चल रहा है। ठुकराल की माता की तबियत बिगड़ने की सूचना मिलने पर तमाम लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनकी कुशल क्षेम पहुंची। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने भी अस्पताल में उनका हाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बता दें कि पूर्व विधायक ठुकराल की माता गुरूवार शाम

**सेहत खराब**

- **कुशल क्षेम पूछने वालों का लगा तांता**

ऑडियो प्रकरण को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के घर गयी थी जहां उन्होंने आडियो प्रकरण को लेकर मीना शर्मा और अनिल शर्मा से बात की और उन्हें समझाते हुए उनसे माफी भी मांगी। लेकिन मीना शर्मा जिद पर अड़ी रही।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ऑडियो में उनके लिए जो गलत टिप्पणी की गयी है उसके लिए वह माफ नहीं कर सकती। मीना शर्मा और अनिल शर्मा ने इस दौरान ठुकराल पर कई आरोप भी लगाये। बता दें कि मीना शर्मा ने ठुकराल के कार्रवाई को पुलिस को तहरीर दी है। वहीं ठुकराल ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऑडियो में आवाज किसकी है है इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पायी है।

## News कॉर्नर

### महिला कांस्टेबल ने एसआई पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**नैनीताल।** शहर के एक न्यायिक संस्थान में ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल ने एसआई पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने मामले में संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक महिला कांस्टेबल ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वर्ष 2022 में वह शहर के एक न्यायिक संस्थान में ड्यूटी पर थी, जहां तैनात एसआई ने उससे नजदीकियां बढ़ा दी। शादी की बात कहकर एसआई ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बना लिए, जिसके झांसे में आकर उसकी शादी टूटने के बाद तलाक भी हो गया। मगर अब एसआई शादी से मुकर गया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### चौराहों से हटाए वाहन, 13 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर गुरुवार को कोतवाली पुलिस की ओर से गाड़ी पड़ाव चौराहे से दो पहिया वाहन हटा दिए हैं। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की है।

बता दें कि बीते रोज पुलिस कप्तान मीणा के साथ पर्यटन कारोबारियों की हुई बैठक में मल्लीताल स्थित गाड़ी पड़ाव चौराहे में दो पहिंया वाहन पार्क होने से यातायात प्रभावित होने की बात प्राथमिकता से उठ थी, साथ ही कारोबारियों ने कहा था कि चौराहे पर दोपहियां वाहन पार्क होने के चलते लोगों को बाजार जाने में दिक्कतों का सामना करना पडता है, जिस पर एसएसपी ने कोतवाली पुलिस को चौराहे से अवैध रूप से पार्क हो रहे वाहनों को हटाने के निर्देश दिए। जिस पर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर चौराहे से बाइक हटाने के लिए अपील की। उसके बाद भी दो पहिंया वाहन न हटाने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि चौराहे में अवैध रूप से वाहन पार्क करने पर 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# देहरादून की खराब हवा का सुधार को वैज्ञानिक आधार तलाशा जाए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

एरीज, दून विश्वविद्यालय व भारतीय एरोसोल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संघ (आईएएसटीए) के संयुक्त सम्मेलन में वायु गुणवत्ता को लेकर वैज्ञानिकों के बीच गहन मंथन हुआ।

सम्मेलन में वैज्ञानिक ज्ञान, हाल के शोध परिणामों और संसाधनों का आदान-प्रदान किया गया । देहरादून की खराब होती वायु गुणवत्ता पर गंभीर चर्चा हुई।

देहरादून दून विश्व विद्यालय में आयोजित सम्मेलन में गुरुवार को उत्तराखंड की वायु गुणवत्ता का मुद्दा गंभीरता से उठाया गया। उत्तराखंड हिमालय राज्य होने के नाते माना कि हिमालय की सुरक्षा के लिए कार्बन जैसे हानिकारक पदार्थ से बचाव



बेहद जरूरी है। इसके वैज्ञानिक उपाय तलाशने होंगे। इसकी चर्चा के लिए बनाए पैनल में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, बीएआरसी के स्वास्थ्य सुरक्षा व पर्यावरण समूह के निदेशक डॉ. दिनेश के अस्वल, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. वाई.एस. मय्या, बीएआरसी के रेडियोलॉजिकल भौतिकी और सलाहकार प्रभाग की प्रमुख डॉ. बी.के. सपरा, बीएआरसी के वैज्ञानिक डॉ. मनीष जोशी और नमिता सिंह शामिल हुए।

कहा कि किसी भी समस्या का समाधान करने से पहले उत्पन्न करने वाले स्रोतों की पहचान करना आवश्यक है। उत्तराखंड में प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोत हैं धूल, जैवभार का ज्वलन और वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन है। खनन और निर्माण गतिविधियाँ धूल का मुख्य कारण हैं। उत्तर भारत में जंगलों की आग और फसलों के अवशेष (पराली) जलाना भी एक बड़ा कारण है। इनसे उत्पन्न होने वाले अतिसूक्ष्म एरोसोल के कण लंबे समय तक हवा में बने रहते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता खराब होती है।

सर्दियों के मौसम में जब अफ्रीकी और अरब क्षेत्रों से हवाएँ उत्तर भारत में अधिक एरोसोल लाती हैं, तब यह स्थिति विशेष रूप से अधिक खराब हो जाती है। वायु की जांच के लिए उपकरण विकसित करने और उन्हें मानकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ब्लैक कार्बन हिमनदों पर जमा हो जाता है और सूर्यप्रकाश के अवशोषण को बढ़ाता है, जिससे हिमनद तेजी से पिघलते हैं। चीड़ के पिरूल अत्यंत ज्वलनशील होते हैं और इस क्षेत्र में जंगल की आग का एक बड़ा कारण हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा कि आईएएसटीए एरोसोल से निपटने वाली सेवाओं या उत्पादों के मानक संचालन प्रक्रियाओं , मानकों और प्रमाणन में मदद करके नीति निर्माताओं, वैज्ञानिक समुदाय, उद्योग और समाज के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है। नीति निर्माताओं को वायु प्रदूषण में सुधार लाने के लिए ठोस नीति बनाई जाने पर बल दिया गया। एरीज निदेश डा मनीष नाजा ने हिमालय श्रेत्र की वायु गुणवत्ता के लिए स्थापित उपकरणों की जानकारी दी। साथ ही हिमालय समेत हिमालय से सटे नगरों की वायु गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड प्रांत का 25वां प्रांत अधिवेशन हरिद्वार में

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) उत्तराखंड प्रांत का 25वां प्रांत अधिवेशन हरिद्वार स्थित प्रेम नगर आश्रम में 8, 9 व 10 जनवरी, 2024 को आयोजित किया जाएगा। जिसका एबीवीपी कुमाऊ संभाग कार्यालय में पोस्टर विमोचन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों से छात्र-छात्राओं और शिक्षक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

पूरे उत्तराखंड से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं अधिवेशन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। सभी प्रतिनिधि 7 जनवरी को हरिद्वार पहुंचेंगे।

हरिद्वार को 12 वर्षों बाद इस अधिवेशन की मेजबानी का अवसर मिला है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन मन्त्री सन्तोष जुयाल ने कार्यकर्ताओं को इस अधिवेशन का महत्व बताया जिसमें विभिन्न सत्र, अतिथियों व अधिकारियों भाषण,




शोभायात्रा, प्रतिभा प्रदर्शन आदि प्रदर्शनी व पंच परिवर्तन, 2024 में समृद्ध उत्तराखंड व विकसित उत्तराखंड पर छात्र नेताओं का भाषण मुख्य केंद्र बनेगा। बैठक के बाद अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें जिला संगठन मंत्री संतोष जुयाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिप्रा बसेड़ा, [illegible] महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष सूरज रमोला, नगर मंत्री धीरज गड़कोटी, आर्यन बेलवाल, निश्चय, गौरव कांडपाल, निखिल सोनकर, मनीकेत, रिद्धि,विभूति, हिमानी गोस्वामी, प्रियंका, उमा, अभिषेक विवेक, मंयक, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए बुधवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बता दें कि इस विशेष कार्यक्रम में सोयाबीन तथा मंडुवा व गेहूँ का आटा और गुड़ के दैनिक आहार में उपयोग के फ ायदों पर विस्तार से गहन मंथन किया गया। इस दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. सुधा जुकारिया ने कुपोषित महिलाओं को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि प्रतिदिन 70 ग्राम सोयाबीन का आटा तथा गेहूँ का आटा, 45 ग्राम गुड़ और 5 ग्राम घी से बने लड्डू के सेवन से स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का शारीरिक माप (वजन) और लंबाई ली गयी और तीन महीने तक इन आहार सामग्री के उपयोग का निर्देश दिया गया। डॉ. जुकारिया ने 20 महिलाओं को यह सामग्री वितरित की जिसमें 10 महिलाओं को मडुवे के लड्डू और 10 महिलाओं को सोयाबीन के लड्डू दिए गए।

महिलाओं के बीच नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए एक व्हाट्सएप समूह भी बनाया गया जहां उन्हें आहार के सेवन की जानकारी फोटो के माध्यम से दी जाएगी। कार्यक्रम में ग्राम दोगड़ा की 15 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान रीतू बिष्ट, दीप कुमार, सुभाष चंद्र, कमला सत्यपाल और गोविन्दी देवी मौजूद रहे।

# पुलिस के कर्मठ जांबाज सिपाही कांस्टेबल यातायात आकाश को सम्मानित किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल की टीम द्वारा आज पुलिस के कर्मठ जांबाज सिपाही कांस्टेबल यातायात आकाश कुमार को एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के सम्मुख सम्मानित किया गया। जिसके द्वारा एक महिला के लाखों रुपये के जेवरात जो किसी बैग में रोडवेज चौराहे से गुम हो गये थे आकाश कुमार के द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त बैग को सकुशल बरामद कर उक्त महिला को वापस दिलाया,और अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया,आपकी इस उत्कृष्ट कार्य की संगठन ने प्रशंषा करते हुए सम्मानित किया,जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि ऐसा सिपाहियों के सराहनीय कार्यो से ही उत्तराखंड की पुलिस को मित्र पुलिस का तमगा मिला है,हम आकाश कुमार के उज्वल भविष्य की कामना करते है।सम्मानित करने प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल,संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, ग्रामीण इकाई कुसुमखेड़ा के महामंत्री पवन वर्मा,उर्वशी बोरा, गीता बिस्ट,युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल ,अमरजीत सिंह सेठी ,नीरज गुप्ता, सलडी के नगर अध्यक्ष आशीष सिंह सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### चुनाव को सौरभ रावत ने वार्ड 10 से की दावेदारी

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व नगर के युवा होनहार खिलाड़ी सौरभ रावत ने नगर पालिका परिषद के चुनाव में वार्ड नंबर 10 (नैनीताल क्लब ) से अपनी दावेदारी पेश की है। रावत ने वकायदा प्राथमिकता से अपना चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। बता दें कि सौरभ रावत ने प्रारंभिक शिक्षा नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय से हासिल की।

# 88 पेयजल योजनाओं की अनियमितताओं की जांच रिपोर्ट पेश करें

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को चमोली जिले के विकास खंड थराली व देवाल में 88 पेयजल योजनाओं में हुई भारी अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच समिति को निर्देश जारी कर कहा है कि 8 सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करें। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार बागेश्वर निवासी गोपाल बनवासी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि जिला चमोली के विकास खंड थराली व विकास खंड देवाल में 88 पेयजल योजनाओं में भारी अनियमितताएं की गई हैं जिसकी शिकायत उनके द्वारा जिलाधिकारी चमोली को की गई, जिसके उपरांत जिलाधिकारी चमोली ने उपजिलाधिकारी चमोली की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर विकास खंड थराली व देवाल की पेयजल योजनाओं में हुई गडबडियों की एक माह में जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए थे।

याचिकाकर्ता का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा जांच कर रिपोर्ट पेश करने की समयावधि बीत जाने के बाद भी अभी तक जांच समिति द्वारा रिपोर्ट जिलाधिकारी को नहीं सौंपी गई। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से प्रार्थना की है कि पेयजल योजनाओं में हुई गडबडियों की जांच जल्द से जल्द जिलाधिकारी को सौंपी जाए ताकि दोषियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही शुरू की जा सके।

# बाबा साहेब का अपमान किसी भी सूरत मे बर्दास्त नहीं

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन शंकरलाल ने किया।

सभा में अमित शाह द्वारा राजयसभा मे संविधान पर बोलते समय दिए गए भाषण मे महामानव बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के नाम को इतनी बदतमीज़ी से लिया गया। जिससे बहुजन समाज में अत्यधिक आक्रोश उतपन्न हो गया, वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान किसी भी सूरत मे बर्दास्त नहीं किया जायेगा, वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण से सत्ता मे बैठे हुए सांसदों द्वारा भी अमितशाह द्वारा बाबा साहेब के अपमान पर आपत्ति नहीं की



गई जिससे लगता है कि उन सांसदों का भी मौन समर्थन है इसलिए न सिर्फ भाजपा का विरोध किया जाना चाहिए बल्कि चंन्द्राबाबू नायडू, नितीश कुमार, चिराग पासवान और 84 सांसदों का भी विरोध किया जायेगा, नफीस अहमद खान ने कहा कि बाबा साहेब ने शोषित वँचित समाज को नर्क से निकाल कर स्वर्ग का रास्ता दिखाया है बाबा साहेब के समर्थन मे विपक्ष को भी एकजुट हो जाना चाहिए क्यूंकि बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी के दोषी नरेन्द्र मोदी भी हैं उनके ट्यूट भी अमितशाह के समर्थन मे आ रहे हैं।

भाजपा द्वारा सारी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्ज़ा करके लोकतंत्र को खत्म करने वाले लोग 32 डिग्रियां हासिल करने वाले विश्व रत्न बाबा साहेब पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 400 पार सीटें आने पर संविधान बदलने की बात करने वाले लोगों की मंशा साफ दिखाई दे रही है कि यह लोग मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं, यह देश संविधान से चलेगा मनुस्मृति से नहीं, सभा मे निर्णय लिया गया कि रविवार को बुद्ध पार्क मे अमितशाह के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया जायेगा तथा पुतला दहन किया जायेगा और रैली भी निकाली जाएगी। सभा में आर पी गंगोला, सिराज अहमद, रितिक कांत, शंकर लाल, रिज़वान, जी आर टम्टा, सुन्दरलाल बौद्ध, नसीम सलमानी, दीपक चनियाल, जीतराम, गुलाब राम, आर आर आर्य, किशोरी लाल जी हरीश लोधी, नफीस अहमद खान रहे।